पालम हवाई अड्डे पर सोना पकड़ा जाना

6926. श्री राम सिंह अग्रवाल :
श्री हुकम चन्द कछवाय :

क्या **वित्त** मंत्री पालम हवाई अड्ड पर एक महिला से सोना पकड़े जाने के सम्बन्ध में 6 अप्रैल, 1967 के अतारांकित प्रश्न संख्या 687 के उत्तर के सम्बन्ध में यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या पालम हवाई अड्डे पर पकड़े गये सात व्यक्तियों के बारे में जांच पड़ताल इस बीच पूरी हो चुकी है;

(ख) यदि नहीं, तो इस में और कितना समय लगने की संभावना है; और

(ग) यदि हां, तो उस का ब्योरा क्या है ?

उपप्रधान मंत्री तथा वित्त मंत्री (श्री मोरारजी देसाई) : (क) इस मामले में जिस महिला से सोना पकड़ा गया उस के अलावा पालम हवाई अड्डे पर दूसरा एक व्यक्ति गिरफ्तार किया गया था । दिल्ली में अन्य स्थानों पर तथा बम्बई में अन्य छः व्यक्ति गिरफ्तार किये गये थे । जांच पड़ताल अभी भी चल रही है ।

(ख) जांच-पड़ताल को यथासम्भव शीघ्र पूरा करने की कोशिश की जा रही है ।

(ग) प्रश्न ही नहीं उठता ।

मैसर्स प्यारेलाल एण्ड सन्स लिमिटेड, दिल्ली

6927. श्री राम सिंह अग्रवाल :
श्री हुकम चन्द कछवाय :

क्या **वित्त** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) पिछले पांच वर्षों में दिल्ली की फर्म मैसर्स प्यारे लाल एण्ड सन्स लिमिटेड, ने सरकार को आय-कर की कुल कितनी राशि दी;

(ख) इस कम्पनी की शाखाओं की संख्या कितनी है और वे किन-किन नामों से चल रही हैं;

(ग) क्या यह सच है कि ये कम्पनिया जाली बहीखाते रखती हैं और आयकर का हजारों रुपये का अपवंचन करती हैं; और

(घ) यदि हां, तो क्या सरकार ने इस कम्पनी के काम-काज के बारे में कोई जांच की है ?

उपप्रधान मंत्री तथा वित्त मंत्री (श्री मोरारजी देसाई) : (क) 1,11,058 रुपये ।

(ख) कम्पनी की कोई शाखाएं नहीं हैं लेकिन इस की सम्बद्ध कम्पनियों में से कुछ निम्न लिखित हैं :—

(i) मैसर्स गाजयाबाद इंजीनियरिंग कम्पनी (प्राइवेट) लिमिटेड

(ii) मैसस कूलेयर (प्रा०) लिमिटेड

(iii) मैसर्स हर्ष इलेक्ट्रिक एण्ड एप्लांयस कम्पनी (प्रा०) लिमिटेड

(iv) मैसर्स दिल्ली यूनिवर्सल प्लास्टिक (प्रा०) लिमिटेड

(v) मैसर्स प्यारे लाल वकशाप (प्रा०) लिमिटेड

(ग) मैसर्स प्यारे लाल एण्ड सन्स लिमिटेड के मामलों में यह पाया गया है कि मरम्मत के काम से मिलने वाली आदायगियों को छिपाया जा रहा था ।

(घ) आयकर विभाग ने मैसर्स प्यारे लाल एण्ड सन्स लिमिटेड के बारे में कर की दृष्टि से जांच की है ?

Mortality Rate

6928. Shri Onkar Singh:
Shri Onkar Lal Berwa:

Will the Minister of **Health and Family Planning** be pleased to **state**:

(a) whether life **expectancy** in